है सुत तावत्काल ४६६ कृतोपनयनसु ब्रह्मचर होंइ बसैं गुरु गेह। तासु धर्म वर्णन करहुँ सुनहु पुत्र युत नेह ४६७ स्वाध्याय सेवा अनल भिक्षाटन अस्नान। गहै भैक्ष्य गुरु देइ लै असन करायसु मान ४६८ गुरु सेवा करप्रीति युत पढ़ै सुते नाहूत। गुरु सों बांछित बेद पढ़ि देइ दक्षिणा पूत ४६९ चौ०। चहै गृहस्थी जो कर सोई। अथवा बानप्रस्थ मग जोई॥ अथवा गहि चतुर्थ सो लेई। जो गार्हस्थ्य माहँ मन देई ४७० उद्वहेद्भार्य्या सुकुमारी। कुल सम सह लक्षण शुभ नारी॥ देव पितृ अरु अतिथि समेता। कर पोषण प्रीणन सह हेता ४७१ भृत्यात्मज दीनान्धहु जेते। पशुवयांसि सह अंधस देते॥ धर्म गृहस्थ राह ऋतु गमना। पञ्च यज्ञ सह शक्तिन समना ४७२ धर्म गृहस्थ भाँति है एहा। सुनु सुत बानप्रस्थ युत नेहा॥ शय्या भूमि ब्रह्मचर्य रहई। पितृ सुरा तिथि पूजन गहई ४७३ त्रिषवण मज्जन होम समेता। बल्कल जटा योग मन नेता॥ वन्य बस्तु कर भोजन करिये। वानप्रस्थइविधि मन धरिये ४७४ चौथो आश्रम यां विधि सोई। तजि सब संग ब्रह्मचर होई॥ इन्द्रीजित चिरवासन एका। अनारम्भ एकासन टेका ४७५ आत्मज्ञानेच्छात्मा देखै। आश्रम इमि चतुर्थ श्रुति लेखै॥ सत्याहिंस शौच अनसूया। क्षमानृशंस्या कार्पणि हूया ४७६ अष्टम सन्तोषहू बखानिय। वर्णधर्म संक्षेपति जानिय॥ चलैस्वधर्मसोइ सुख पावै। मारग तजे दण्ड दुखपावै ४७७ कहअलर्कमा सो गुण खानी। गृही धर्म पुनि कहौ बखानी॥ जो कीन्हे बिन बन्धन होवै। जो करिउच्छ्रितगति लह सोवै ४७८ जो उपकार नरन हित होई। मोसों बरणि कहौ मासोई॥ याविधि सुनि अलर्क मुखबानी। बोली मदालसा गुण खानी ४७९ पितरदेव मुनि मनुज समेते। भूत कीट कृमि पशुखग तेते॥ असुर पतङ्ग रहत सुख देखे। हमको कछु यह देइ बिशेखे ४८० ताते है पवित्र करिमज्जन। तर्पण देव पितृ ऋषिसज्जन॥ करिकै पूज

नेहयुत देवा। पुष्प सुगन्ध अर्पिकर सेवा ४८१ अग्नि हवन करिपुनि बलि देवै। गृहमधि बिश्वदेव अजसेवै ॥ धन्वन्तरि बलिदे ईशाने। पूरुबशक्र याम्ययम जाने ४८२ दो०। पश्चिम वरुणहिदेइ बलि सोमायोत्तरदेइ। धात्रविधात्रहि द्वारगृह बहिर्य्यम्णहि सेइ ४८३ नक्तंचर भूतन हितै देवै बलि आकाश। दक्षिण मुख पितृन यजन करि आचमन प्रकाश ४८४ चौ०। एवं गृह देवन बलि करिकै। गृहपति शुचि होवै मुदभरिकै ॥ श्वपचश्वपाक प्रादिकन काहीं। याबिधि बलि दीजै भूमाहीं ४८५ बहुरि अतिथि पूजन को कीजै। अन्नवारि आदरयुत दीजै ॥ जो अज्ञात नाम कुल होई। श्रान्त बुभुक्षुअकिंचन सोई ४८६ कहत अतिथि बुध ब्राह्मण काहीं। पूछिय गोत्र धर्म तिहि नाहीं ॥ यथा शक्ति पूजन मनलावै। पूजेबिना महा अघ पावै ४८७ श्राद्ध नित्य गृहपालक करई। भोजन बिप्रदेइ मुदभरई ॥ ज्ञाति बंधु पुनि भोजन दीजै। क्षुधित वृद्ध बालक लखिलीजै ४८८ याचकान भिक्षानित दीजै। सबन पूजि भोजन पुनि कीजै ॥ गाथाश्राद्ध अत्रि जो गाई। सोईमैं बरणौं सुख पाई ४८९ नित्य अपर नैमित्तिक दूजी। बहुरि नित्य नैमित्तिक तीजी ॥ पञ्चयज्ञ जो प्रथम बखाना। सो सुत नित्यश्राद्ध सुखदाना ४९० पुत्र जन्म कर्म्मादिक जोई। नैमित्तिक जानिय सुत सोई ॥ पर्व श्राद्धआदिक सुखदाना। सोइ नित्य नैमित्तिक जाना ४९१ नैमित्तिक नांदीमुख कीजै। पिण्डा यवदधि मिश्रितलीजै ॥ एकोद्दिष्टमृताहिजानिय। पुनिपूर्णाब्द सपिण्डी मानिय ४९२ तिर्यग्योनि पुरुषहित जाना। विविधतश्राद्ध करै यजमाना ॥ जाजावस्तु तृप्तते होई। कहौं बखानि सुनियसुत सोई ४९३ भोजनान्न पुहुमी जो परई। क्षालतवृस्त्र अंबुकण झरई ॥ तृप्तिपिशाच देहगत करई। वृक्ष योनिगत नर मुद भरई ४९४ गात्र अम्बुकणिकाभूजावैं। जेसुर योनिलहे सुखपावैं॥ ये बालक अदग्ध कुलमाहीं। क्रिया अयोग्या संस्कृत आहीं ४९५

बिकिर अन्न सोते मुदभरई। संमार्जन जल भोजन करई ॥ भो-
जन करि आचमन जुकरई। अपर अंघ्रि सेचन भूपरई ४६६
ब्राह्मण योन्यादिकगत जोई । पावैं तृप्ति श्राद्धवत सोई ॥
अन्यायोपार्जित धनजोई। तासों श्राद्धकरै नरकोई ४९७ यो-
निपुष्कशादिक चाण्डाला । प्रापितहोयँ तृप्त तिहिकाला ॥
शाकहु श्राद्धकरै युत श्रद्धा। कुलकश्चित्सीदति नहिं अद्धा४९८
प्रतिपच्छ्राद्ध किये धनहोई। द्विपद प्रदाद्वितीया सोई॥बरअर्थिनी
तृतीयाजानौ। नाशक शत्रुचतुर्थी मानौ ४९९ श्रियप्राप्नोति पं-
चमीकाहीं। षष्ठीनर पूजित जगमाहीं ॥ गणाधिपत्य सप्तमीपावै।
उत्तमवृद्धि अष्टमी लावै ५०० नवमी श्राद्धकिये लहनारी। दशमी
पूर्णकामना कारी॥ एकादशी श्राद्धमनलावै। वेदाभ्याससकल
सोपावै५०१द्वादशि श्राद्धकिये जयपावै।मेधाप्रजा पशूवृद्धिजा-
वै॥तेरसि श्राद्धकरै जो कोई। दीर्घायु ऐश्वर्य्यहु होई ५०२ युवा
पितृ आयुध तनंत्यागा। श्राद्धचतुर्दशि कर बड़भागा॥ श्राद्ध
अमावसको करजोई। स्वर्ग कामना लह सबसोई ५०३ स्वर्ग
कृत्तिकाकरि नरपावै। रोहिणि पुत्र कामनां गावै॥ओजमृगाशि-
रामेंलहसोई। आर्द्राशौर्य्य श्राद्धकरि होई ५०४ चेत्रादिकन
पुनर्वसु लहई । पुष्ये पुष्टि श्राद्ध करिअहई ॥ अश्लेषा सुन्दर
सुतदाई। मघा स्वजनकर वृद्धि सदाई ५०५ पुनिसौभाग्य फा-
ल्गुणीदेवै। श्राद्धोत्तराशीलनर लेवै ॥ हस्ते श्राद्ध श्रेष्ठता होई ।
चित्रारूप युक्त नर सोई ५०६ पुनि बाणिज्य लाभदा स्वाती।
कामद पुत्र बिशाख लखाती ॥ चक्रवर्ति कारक अनुराधा। ज्ये-
ष्ठा आधिपत्य देश्राधा ५०७ मूलेरोग्य लहै नरसोई। पूर्वाषाढ़
सुयशयुत होई ॥ ऋक्षोत्तरा शोकहर जानौ । श्रवणे शुभलो-
कनमनआनौं ५०८ लहै धनिष्ठामें धनभारी। बेदबित्व अभि-
जितसुखकारी ॥ भिषक् सिद्धिबारुणे सुहाई। प्रौष्टपदे जाविक
सुखदाई ५०९ बिन्ददुगावतथोत्तर माहीं। रेवतीषु लह कुप्यसदा-
हीं ॥ अश्विनीषुलंह अश्वसुहाये।भरणीष्वायुलहैमुदपाये ५१०

काम्य श्राद्ध या बिधिते करिये । पाइय तौन जौन मन ध-
रिये ॥ सुनि अलर्क बोले सुखपाई । सदाचार कहिये अबमाई
५११ ताबिन इतउत है सुखनाहीं। दुराचारि हीनायु सदाहीं ॥
सुनि मदालसा कह हर्षाई । सदाचार सुनिये मनलाई ५१२ यत्न
त्रिवर्ग सधनहितकरई । तासिधि इत उतहू मुदभरई ॥ चारि
भाग निज अर्थ कि करिये । हिंतपारत्र्यभाग इक धरिये
५१३ आत्म भरण द्वैभागन लीजै। मूलभूत बर्द्धन इककीजै ॥
अर्थ सुफलता हो या भांती। करै बहोरि धर्म सुखपांती ५१४
ब्रह्म मुहूरत जागै सोई । कर आचमन पूर्व मुख होई ॥ संध्या
पूर्वतारसहकरई । पश्चिम सूर्य देखि मुदभरई ५१५ करै उपा-
सन न्याय समेता। तजै अंनापदि नहिं सुत बेता ॥ असतानृत
पारुष्यन बोलै । असच्छास्त्रमहँ बुद्धि न डोलै ५१६ सायं प्रात
होमनित कीजै । उदय अस्तरविदृष्टि न दीजै ॥ केश साधना
दर्शजुदेखै। दंतधावपूर्वाह्णविशेखै ५१७ तर्पणहूपूर्वाह्णेजानौ।
स्नानिय पुत्र कलु और बखानौ ॥ ग्रामावसथ तीर्थ मग खेता।
गो बृजनो विरमूत्र करेता ५१८ नग्न परस्त्रीको नहिं देखै।
नहिं आत्मानहु शकृत बिशेखै ॥ रजस्वलानहि छुवनकह वानी।
नहिं देखै श्रुति कहत बखानी ५१९ सूत्र पुरीषनाप्सुकर सोई ।
मैथुनादि बर्जित तहँ होई ॥ पितृदेवनर पूजन करिकै। कर आ-
हार गृही मुदभरिकै ५२० पूर्वोदङ्मुख भोजनकीजै। अन्तर्जा-
नु राखिकर लीजै ॥ पुनि पवित्र वाग्यतसोहोवै । नहिं प्रत्यक्ष
लवण को खोवै ५२१ नहिं अत्युष्ण अशनको कीजै। किंचिद्भ-
क्ष्याचमन करीजै॥ खड़े चलत विरमूत्र न करिये । बचनोच्छिष्ट
कदानोचरिये ५२२ स्वाध्याय वर्ज्जित पुनि तैसे । छुवै न गो
विप्रानल ऐसे ॥ मस्तक निज नोच्छिष्ट छुईजै । रविशशितार
दृष्टि नहिं दीजै ५२३ भिन्नासन शय्यास्तज भाजन। गुर्वासन
दैकर अभिवादन ॥ सुरार्धनैकांशुक तज भोजन। नाष्णायी-
तनग्न हंकैजन ५२४ मेहत विप्रानलना बाहिय । द्वौपाणिन

शिरनहिं खजुआइय ॥ नचाभीच्णशिरसो अस्नाना। स्वाध्या-
यानध्यायन ठाना ५२५ अहोत्सर्ग उत्तर निशि दचे। सुत्तन-
ग्न नहिं नरग्रहपक्षे॥ गुरुसों कहन कबहुँ कटुवादै। क्रुद्ध जा-
निकै ताहि प्रसादै ५२६ औरनसों न सुनै अपबादा। विप्रन
पथदे नृपदायादा ॥ मत्तोन्मत्त बधिर सहभारा। मूक अन्ध
विद्या अधिकारा ५२७ गुर्विणि अपरयवीयसजोई। पुंश्चलि
सहकृत बैरहुसोई ॥ बालक पतित देव अस्थाना। भूरुह चैत्य
चतुष्पथ नाना ५२८ बुध गुरुदेव आदि गृहिदेखी। करै प्रदक्षि-
ण हर्षि विशेखी ॥ बस्त्रोपानन्माल्य समेता। धृतमन्यैर्नधार
चितचेता ५२९ अलङ्कार उपवीतहु जोई। धृतमन्यैर्नधार नर
सोई॥ पूर्णपर्वयस्वेन्दू बिचारी। तैलाभ्यङ्गनभोगैनारी ५३०
मूर्खोन्मत्तदुखी न्यूनाङ्गा। मायी अरु बिरूप अधिकाङ्गा ॥ इन
हिंदेखि उपहासन कीजै। शिष्यपुत्र बिनदण्डन दीजै ५३१
बैठिय आसन पादनटारी। कृशरमांस संयावविचारी॥ ये
अपने हितकबहुँ न कीजै। भोजन अतिथि सदासुतदीजै ५३२
दन्तधाव पूर्वोत्तरकीजै। बचनोच्चारण तहँ न करीजै॥नोद-
क्प्रत्यक्शिर करि सोवै। दिक्यमेन्द्र शिर करि सुख होवै
५३३ अन्तर्जल मन्दिर बल्मीका। शौच शेष थल मूष मृती-
का॥ वर्जित पञ्च मृदा शुचि हेता। इन तजि अन्य मृदा को
लेता ५३४ स्वप्नाध्ययनासनहु समेता। सन्ध्यन माहँ करैनहिं
एता॥ मैथुन प्रस्थान हू न कीजै। उदकी चारि निशा तजि
दीजै ५३५ पञ्चमिहू सुत हित तज सोई। सम निशि पुत्र
विषम तिय होई॥ निज मंगल बपु सदा बनावै। धवलाम्बर
सित पुष्प सुहावै ५३६ मूलांगुष्ठ रेख सविपाणी। ब्राह्मतीर्थ
अचमन हित प्राणी॥ तर्ज्जन्यंगुष्ठहु मधि जोई। तीरथ पितृ
कहावत सोई ५३७ तामधि पितृनको जलदीजै। वर्ज्जितनां-
दीमुख में कीजै॥ अंगुल्यग्रे तीरथ देवा। तहां सुरन की क-
रिये सेवा ५३८ तीर्थ प्रजापति मूल कनिष्ठा। पूजन तिनकी

तहां वरिष्ठा ॥ कर युगपञ्जलं अग्नि न लीजै। गुरु देवान्प्र-
तिपादन कीजै ५३९ बसिय तहां न चारिन जहँयदी। भिष-
गृण प्रदश्रोत्रिय नदी ॥ बसै धर्मधारक नृप जहँवां। राज्य कु-
भूप सुखकिलह तहँवां ५४० वर्ज्यावर्ज्य इविधि सुख छाये।
जियालाल संक्षेप गनाये ॥ पाइ ज्ञानमा मोसमअर्का। प्रापित
यौवन भये अलर्का ५४१ कीन्ह विवाह ऋतध्वज राजा। ति-
नके भये पुत्र सुख साजा ॥ पितु सेवा आज्ञा प्रतिपालत। भू-
लेहू अधर्म्म नहिं चालत ५४२ या विधि अमित काल चलि
गयऊ। सुत कहँ राज्य ऋतध्वज दयऊ ॥ भार्य्या सह तप हेत
सिधारे। मदालसा सुत बचन उचारे ५४३ बन्धुबियोगज दुःख
प्रकाशै। बाधा अरि अथवा धन नाशै ॥ देत अंगुलीयंक तुम
काहीं। सूक्ष्माक्षर बँचियो तब ताहीं ५४४ यह कहि रत्न मुद्रिका
दीन्हों। आशिष दीन्ह गमन पुनि कीन्हों ॥ सोप्यलर्क अति
न्याय समेता। सुतवत प्रजापाल अति हेता ५४५ दुष्टन दण्ड
शिष्ट परिपाला। कीन्ही यज्ञ अमित महिपाला ॥ एवं बहुत
काल चलि गयऊ। मानहुँ एक दिवस नहिंभयऊ ५४६ या बि-
धि भूलि विषय में गयऊ। नहिं बैराग प्रगट उर भयऊ ॥ तिन
भ्राता सुबाहु सुनि एहा। जो बनबास करत तजि गेहा ५४७
तासु बोध हित कीन्ह बिचारा। शत्रु द्वार करि तौन निहारा ॥
तव सुबाहुलै काशि नरेशहि। करीचढ़ाई सदलस्वदेशहि ५४८
दूत पठायो काशि नरेशा। देहु सुबाहु काहँ अबद्देशा ॥ सुनत
अलर्क दूत मुख बानी। तासों याबिधि कहो बखानी ५४९
ममअग्रज मो ढिग चलिआवै। करि सौहार्द कहै तब पावै ॥
भय करिकै यह राज्य न देहौं। क्षत्री कुल में अयश न लेहौं
५५० मांगो नहिं सुबाहु तापाहीं। क्षत्रीधर्म होत इमि
नाहीं ॥ तबहिं सैन्य लै काशि नरेशा। घेरतभये सकल सो
देशा ५५१ दुर्गपाल चाटकी समेता। कीन्हें बश भूपति नय
वेता ॥ साम दाम दण्डहु मन धरिकै। कीन्हे स्ववश भेद

विधि करिकै५५२ रहो अलर्क अल्पदल सोई। कोशक्षय दिन दिन तिन होई॥ अरिसोपुर आवृत पुनिदेखा। मानसउपजो शोक बिशेखा ५५३ सो मुद्रिका समुझि दुख लीन्ही। माता मदालसा जो दीन्ही॥ करि अस्नान पवित्र सुहोई। बांचतभे सूक्ष्माक्षर सोई ५५४ त्यागैसङ्गसकै नहिंत्यागी। तौ सत्सङ्गकरै हितलागी॥ त्यागै सकल कामनासोई। त्यागे त्यागयदा नहिं होई ५५५ कारजकरै मुमुक्षाहेतू। पढ़िबिचार किय नृप कुलके-तू॥ गुनिमुमुक्षु सतसंगतितेरे। निकट जानयह साधूकेरे ५५६ पीड़ित दत्तात्रेय समीपा। जातभयो भूपति कुलदीपा॥ हाथ जोरिकह बचन नृपाला। दुःखनाश ममकरिय कृपाला ५५७ दत्तात्रेय कहा सुनिबानी। कौनदुःख निजकहिय बखानी॥ या बिधि सुनत दत्तमुखबानी। बोले मनबिचारि सुखमानी ५५८ नोर्वीजलख अनिल शिखिदुक्खा। किन्तु चहत शारीरिक सु-क्खा॥ या पञ्चके सुक्ख सुख जेते। यांतिन्यून अतिरिक्तां ते-ते ५५९ दुख सुख एकौ मोमे नाहीं। दुखसुखहैं केवल मनमा-हीं॥ अहंकार मनबुधि हम नाहीं। अन्तष्करणज दुखमनमाहीं ५६० सोपारक्यन् कदालखाती। मैंनिज दुःखगुणौं किहिभाँ-ती॥ अग्रजकरै राज्यकीइक्षा। कामन अत्रभई मनदिक्षा ५६१ नहिं शिरमांस अस्थिकरजाके। किमि नागाश्व रथादिकताके॥ ताते रिन्निमेस्ति सुख दुःखा। पुरबल कोशादिक जेसुःखा ५६२ यथा कमण्डलु घटि घटमाहीं। एकबियत बहुभाँति लखाहीं॥ तथा सुबाहु काशिपति होंहीं। देहभेद शरीर न जोहौं ५६३ यह कहिकरि दत्ताहि प्रणामा। बोलतभे पुनि बचन ललामा॥ तुमहिं देखि सबदुःखपलाने। सुखसमुद्रमहँ आइ भुलाने ५६४ पुरुष जहँ जहँ बुद्धिलगावै। सो सोपाइ महादुखपावै॥ प्रकृति परे हम सुखि दुखिनाहीं। भूत तिरस्कृत गुनि दुखआहीं ५६५ दत्तात्रेय कहो सुनिबानी। सत्यनृपति जोकहाबखानी॥ दुःखमूल ममइतिहै जोई। निर्म्ममेति निर्वृति सुखसोई ५६६ दो०। प्रश्न

हमारीते भयो प्रगट तुम्हारेज्ञान। ममइति प्रत्यय जिहिनशे शा-
ल्मलि तूलसमान ५६७ अहमित्यङ्कुर होतभो स्कन्धममेति ब-
खान। शाखा क्षेत्रगृहादिकहु पत्रनारिसुत जान ५६८ चौ०।
महापत्र धन धान्यसुहाये। पुण्यापुण्य पुष्पछबिछाये॥ सुख
दुख फलतहँ परतलखाई। बाढ़ो वृक्षकाल बहुपाई ५६९ संसारा
ध्वथके नरजोई। छाया चहत तासुकी सोई॥ भूलिज्ञान सुख
कारणधावैं। सोनर आत्यंतिक किमिपावैं ५७० जेसत्सङ्गकुठार
बनावैं। ममता वृक्षकाटि सुखपावैं॥ प्राप्य ब्रह्म बनशीतलका-
हीं। परे बुद्धि निर्वृतिलहताहीं ५७१ दत्तात्रेय बचन इमिसुनि-
कै। कहोअलर्क भूपमन गुनिकै॥ भगवंस्त्वत्प्रसादको पाई।
प्रगटो ज्ञानहिये ममआई ५७२ परथिरचित्त बिषयसो नाहीं।
छूटै किमि बंधन ममम्हाहीं॥ काबिधि जगत जन्मनहिं होई।
निर्गुणता आवै किमिसोई ५७३ ब्रह्मैकत्त्व होइ किहिभाँती।
कहिय योग मोसन सुखपाँती॥ याचतप्रणत मोहिंगुनिस्वामी।
सम्यग्ब्रूहि ज्ञाननिधि× आमी ५७४ याबिधि सुनि अलर्क के
बैना। बोले दत्तज्ञान सुखऐना॥ राजन सुनहु योगहम कहि-
ये। शाश्वत ब्रह्म जाहिसो लहिये ५७५ दो०। आत्मासो
आत्मा प्रथम जीतै नृपति सचेत। तिहि जीतंनहिन कहतहौं
यत्नसुनहु अतिहेत ५७६ प्राणायामैंदोंषदह किल्बिष धारण
जान। बिषयन प्रत्याहार करि गुणं* नीश करि ध्यान ५७७
धाम्यत दाहत दोष जिमि पर्वत धातु न जान। दोष तथेन्द्रिय
नशत हैं प्राणाया मतिमान ५७८ प्रथमहिं साधन को करै
प्राणायाम सुबोध। प्राणायामकहावई प्राणापान निरोध ५७९
लघुमध्युत्तम जानिये प्राणायाम त्रिधैव। तिहि प्रमाण बर्णन
करौं सुनु अलर्क विधि सैव ५८० लघु मात्रा द्वादश कहत
मध्यम चौबिस जान। छत्तिस उत्तम मानिये प्राणायाम प्र-
मान ५८१ निमेषोन्मेषण कहत मात्राकी परमान। संख्या प्रा-

× आमीमोसोबंगालभाषा *अनीशमाया॥

णायाम हित द्वादश मात्रिक जान ५८२ प्रथमहिं जीतै स्वेद
को मध्यम वेपथु जौन। जीतिय तृतिय विषाद को क्रमते जा·
निय तौन ५८३ कोमल सेवा के किये हरि कुञ्जर वश होइ।
जैसे तैसे प्राणहू योगिन के बश सोइ ५८४ हस्तिप नागहि
बशकरत तिमियोगी निजप्रान। तस्यावस्था चारिहैं सोऊकरत
बखान ५८५ ध्वस्ति प्राप्ति संवित अपर है प्रसाद सुखदान।
सुनिये ताको रूप अब सोई करत बखान ५८६ कर्म इष्ट जिन
के अहैं तिन फल संक्षय होइ। सोई ध्वस्ति कहावई सुनहु प्राप्ति
जिमि सोइ ५८७ ऐहिक आमुष्मिक सहित कामादिकहैं जौन।
रोंकि सदा योगीरहै प्राप्ति कहावत तौन ५८८ आगत अर्थ
अतीतहू प्रगट गुप्त हैं जोइ। सूर्य सोम गृह गति लहै संवित
सिधि है सोइ ५८९ मन प्रसन्न जासोंरहै पञ्च प्राणयुत जौन।
इन्द्री इन्द्रिन अर्थ सह है प्रसाद सिधि तौन ५९० लच्चण प्रा·
णायाम के सुनहु भूप मनलाइ। योग युक्त होते समय आसन
जो सुखदाइ ५९१ पद्मासन अर्द्धासनहु स्वस्तिकआसनजान।
बैठियोग जोरै तहां प्रणव हिये मधि आन ५९२ सम सम आ·
सन होइकै उभयचरण हर सोइ। लिंग वृषणयुत पार्ष्णिनै दा·
विथाणुवत होइ ५९३ किंचिदुन्नामित शिरै परसै दन्तन दन्त।
नासिकाग्र अवलोकई दिशिन विलोकै सन्त ५९४ रजसों
तम सत सों रजहिं जीति सत्व थिर होइ। इन्द्रिन इन्द्रिय अर्थ
सो प्राणादीन्मनसोइ ५९५ कच्छपाङ्ग इव कामना हरिहर
एक सदैव। आत्मा में आत्मा लखै सो शुचि नैवकदैव ५९६
सकल दोष तिहि नाशई स्वस्थ होत है तौन। परब्रह्म प्राकृ·
त गुणन न्यारे देखत जौन ५९७ श्वास खैंचि अङ्गन प्रथम
हृदि उर लावै फेरि। कण्ठ बक्र नासाग्र पुनि नेत्र भौहँ मधि
हेरि ५९८ पुनि मस्तक में लावई कछु तदुपरि लै जाइ। प्राप्य
दशैता धारणा साम्यत्तर सुख पाइ ५९९ नाध्मात व्याकुल
त्तुधित श्रान्त सुयोगी जौन। योग युक्त होवै कदा योग सिद्धि

हित तौन ६०० शीत उष्ण दुख बायुमें सशब्दाग्नि जलतीर। जीर्ण गोष्ट चौराहमें धेरे ध्यान नहिं धीर ६०१ शुष्क पर्णचय सरि तटै चिता भूमि अहिवास। सभय चैत्य बल्मीक ढिग अपर कूप के पास ६०२ इन अस्थानन के बिषे करै न योगाभ्याश। तहाँ बिघ्न करि होत हैं सो मैं करत प्रकाश ६०३ बाधिरत्व जड़तांधता बुद्धिलोप मूकत्व । ज्वरहू बाधत इन थलन जे ढूंढ़त हैं तत्व ६०४ तिन दोषन के नाश हित कहत उपाय बखानि। योगिन के कर्त्तब्य यह लीजै मानस आनि ६०५ बात गुल्म के नाश हित उदावर्त्त हित सोइ। बात बिकार अपारहित खाइ यवागूसोइ ६०६ शीतौषधकर उष्णरुज़ शीतउष्णकर सोइ। काष्ठ कील शिर ताड़िये लुप्तस्मृति जब होइ ६०७ सत्व अमानुष योगितन करै प्रवेश कदाइ। बायु अग्नि की धारणा दाहै ताहिं तदाइ ६०८ याबिधि रक्षा कीजिये आतम की सब काल। मोक्ष काम धर्मार्थहित यह शरीर महिपाल ६०९ आलोल्या रोग्या निठुर स्वर शुभ कान्ति प्रसाद । सुगन्धाल्प मल मूत्रहू चिह्न योगके आद ६१० शीतोष्णादि भिरुग्रसो विद्यति बाधन यस्य । औरन सों भयभीत नहिं सिद्धि योग की तस्य ६११ योगिन हित उपसर्ग जे प्रगट होतहैं तत्र । तिनको मैं बर्णन करहुँ सुनहु भूपमणि अत्र ६१२ काम्यक्रिया अरुकामना यांचत मनुजन पाहिं । विद्या माया दान फल दारादिवधन काहिं ६१३ देव देह अमरेश तनु यज्ञ रसायन जौन । मरुतउडनजल शिखि बिशन श्राद्धादिक फल तौन ६१४ सुरपूजन ब्रत नियम फल पूर्त्तादिक चह सोइ । योगी चित्तहि जीतई जब या बिधि ते होइ ६१५ उपसर्गन सों छूटई ब्रह्मसङ्गि मन कारि। इन उपसर्गन के तजे आवत अपर प्रचारि ६१६ त्रिगुणमयी सोजानिये प्रातिभ श्रावण दैव। भ्रमावर्त्त योगिन हितै भाषत पांच सदैव ६१७ बिघ्नहेत ये योग के बरणौं तिनके रूप । काव्यशास्त्र वेदार्थहू शिल्पादिकहु अनूप ६१८ प्रगटहोत हियमांझये प्रातिभ

तातेनाम। योजन सहसन की सुनै शब्द गुणे गुण धाम ६१९
श्रावण सोइ कहावई पुनि आठौ सिधि देख। देव दृष्टि उपसर्ग
यह जानिय दैवविशेख ६२० निरालम्ब जिहिदोषकरि भ्रमतसुयो-
गिनचित्त। नाशहोत आचारसब भ्रम उपसर्ग सुमित्त ६२१
जलावर्त्त जिमिकोउपरि व्याकुलहोवै जीव। तमावर्त्त उपसर्ग
गुनि नाशक चित्तातीव ६२२ योग विनाशक येसकल हैं उपस-
र्ग महान। मनमय कम्बल ओढ़ई शुक्लवर्ण मतिमान ६२३
करैचिन्तवन ब्रह्मको प्रणवहिये मधिधार। लघ्वाहार जितेन्द्रिहू
करै योगपरचार ६२४ भूम्यादिकहैं धारणा सूक्ष्मसप्त शिरधार।
धारि धरित्री धारणा पावै सौख्य अपार ६२५ आत्मानं उरवी
लखै बंधन ताकोत्यागि। अप्सु सूक्ष्म रसकोलखै अग्निरूप
सुख पागि ६२६ स्पर्शवायुमें जानिये शब्दाकाशेभ्हीन। सू-
क्ष्मत्यागि थूलनगहै ब्रह्माम्बुधि मनमीन ६२७ होत सूक्ष्म या
भांति मन बुद्धिसूक्ष्म पुनिहोत। सप्त सूक्ष्म याबिधि तजे हो-
वैयोग उदोत ६२८ दृष्ट्वा दृष्ट्वा सूक्ष्मये त्यक्त्वा त्यक्त्वा
सिद्धि। परमगतिहियोगीलहै होइ योगकीबृद्धि ६२९ जहँ
जहँ भूतनके बिषे करत राग महिपाल। तहँतहँ लहि आसक्ति
को नाश होत है हाल ६३० ताते सूक्ष्मन जानिकै सक्त
परस्पर त्याग। देही या बिधि जो करत जात परे बड़भाग ६३१
सप्त धारणा एकही योगी त्यागत जौन। सूक्ष्म भूत लयजात
है तौन तौन में तौन ६३२ अणिमाहू महिमा सहित लाघिमा
गरिमाजौन। प्राप्तिहु प्राकाम्येशित्वं वशित्वहू येतौन ६३३
अष्टसिद्धि येआवहीं जो सूचक निर्बाण। ताते नहिं आवैं बढ़ैं
होय नाशनहिं जाण ६३४ सप्तधारणा जानिकै भोगियुक्त
नहिं होइ। कनकखण्ड द्वै अग्नि दहि हो जिमि एकहि
सोइ ६३५ अग्नि मिलाये अग्नि में यथा एकहीतौन। योगी
या मारगचले होतब्रह्ममय जौन ६३६ जलमेले जल में यथा
जलएकै ह्वैनाहिं॥ योगीयुक्ति बिचारिकै तिमि परमात्मा मा-

हिं ६३७ कह अलर्क भगवन कहिय योगीमारग जौन। चलि सीदति नहिं ब्रह्ममग सुनन चहत हमतौन ६३८ सुनत दत्त नृपसों कहो जो मानहु अपमान। अमृत सम अपमान है बिष सममान बखान ६३९ चक्षुपूत पादन धरै वस्त्रपूत जल पेइ। सत्यपूत बाणी कहै बुद्धिपूत चितदेइ ६४० श्राद्धयज्ञ आतिथ्यमें सुरयात्रोत्सव जोइ। सिद्धि महाजनकै अरथ योगी जाइ न सोइ ६४१ करैं यथा अपमान जन चलिये मारग तौन। सतमारग भूषण करत चरै योगयुत जौन ६४२ भिक्षा लेइ गृहस्थ गृह श्रद्धधान जोहोइ। श्रोत्रिय दान्तहु होइजो अपर महात्मा सोइ ६४३ भैक्ष्य यवागू तक्रहू पावकफल औ मूल। कण प्रियंगु पिण्यांकहू शक्तुव योग्यनुंकूल ६४४ प्रथम कलुक जल पानकरि होवैमौन सचेत। तदुपरि स्वाहा दीजिये पाँचप्राणके हेत ६४५ प्राणापान समानहू है उदान अरु व्यान। इनहित स्वाहा देइकै भोजन शेष बखान ६४६ करै बहुरि आचमनसो धरै पञ्चव्रततौन। ब्रह्मचर्य्य आस्तेय युत त्यागा लोभहुं जौन ६४७ अपर अहिंसा पंचमी बहुरि नियमहैंपाँच। शौचा क्रोधाहारलघु गुरुशुश्रूषा साँच ६४८ स्वाध्याय पंचमअहै याबिधि साधै ज्ञान। जौकारज साधकअहै सारभूत तिहिमान ६४९ इदंज्ञेय यह ज्ञेय है तृषित चरत इमिजौन। कल्प सहस्रहुके बिषे ज्ञेय न पावततौन ६५० त्यक्त सङ्गजितक्रोधहू मूँदिबुद्धिके द्वार। लघ्वाहार जितेन्द्रिहू ध्यानमध्य मनधार ६५१ शून्य स्थल अवकाश में गुहामध्य बन माहिं। नित्ययुक्त योगीरहै धरि उर ध्यान सदाहिं ६५२ बाग्दण्ड मनदण्डहू कर्म्मदण्ड येतीन। निषत दण्ड हैं यस्य ये सत्रिदण्डि प्रवीन ६५३ सदसज्जग सबआत्मसम गुणअवगुणमय यस्य। याबिधि देखत जौन है प्रिय अप्रियको तस्य ६५४ काञ्चन लोष्ठहु ज्यासुसम शुद्धबुद्धि है जौन। सबभूतन में एकमति जात परमपद तौन ६५५ वेदश्रेष्ठ पुनि यज्ञ हैं

यज्ञनसोंजपश्रेष्ठ । ज्ञानजप्यसो ज्ञानसों जानिय ध्यान वरिष्ठ
६५६ अप्रमादि एकाग्रचित रति एकान्तहि होइ । इन्द्रीजित
शुचिसोलहै योगमुक्ति पुनिसोइ ६५७ वर्त्तमान योगीसदा
या प्रकार है जौन । योग व्यवस्थित पूर्णसो मुक्ति लहत
हैतौन ६५८ परमात्मा प्रत्यक्षलखि विश्वरूप विश्वेश । वि-
श्वपाद शिर ग्रीवयुत भावन विश्व सुरेश ६५६ ओमित्येका-
क्षरजपै तासुप्राप्ति के हेत । तासुरूप वर्णन करौं सुनु नृप
बुद्धिनिकेत ६६० आऊ मा ए युक्त हैं त्रयअक्षर सुखदान । स-
तरजतमसों युक्तहैं मात्रा तीनोंजान ६६१ योगिगम्य निर्गुण
अहे ऊर्द्धस्थित मात्रार्द्ध । गान्धारी तिहि नाम है गान्धारस्व-
रसार्द्ध ६६२ ब्रह्मा विष्णु महेशयुत वेदअग्नि त्रैलोक । मात्रा
अर्द्ध समेत पुनि ओंकारमें ओक ६६३ है अकार भूर्लोकजहँ भुव
जानियेउकार । व्यंजन सहितमकारजो स्वर्गलोकसुखसार ६६४
व्यक्तरूप मात्रा प्रथम पुनिअव्यक्त द्वितीय । मात्राअर्द्ध सुपरम
पद हैचिच्छक्तितृतीय ६६५ योगभूमि याविधिलखै सदसज्जानै
सोइ । ओमित्युच्चारणकरै ब्रह्माक्षरहै जोइ ६६६ जो नर सम्यक
जानई बाध्यावैताभांति । सोतजि संसृति चक्रयह तजित्रिबंध
परजाति ६६७ परपरमात्माके विषे लहै ब्रह्मलय सोइ । कर्म
बन्ध अक्षीण गुनि मृत्युरिष्ट गुणजोइ ६६८ दत्तात्रेय महीपसों
कहतभये पुनिबैन । अरिष्टानि भूपति सुनहु गुनहु नीतिके ऐन
६६६ जिनहिं देखि निजजानई मृत्युयोगविदजौन । देवमार्ग
ध्रुवशुक्र विधु छांहअरुंधतितौन ६७० चौ० । जो इनको देखै
नहिं सोई । सम्वतसर जीवन तिहिहोई ॥ रविविधु अग्नि प्रकाश
न देखै । जीवै सो शिवमास विशेखै ६७१ बान्त पुरीषमूत्रहु
सोई । करप्रत्यक्ष स्वप्नमहँ जोई ॥ सोनर जीवैगो दशमासा ।
इमिअलर्क सोदत्त प्रकासा ६७२ प्रेत पिशाच लखै नरजोई ।
पुनि गन्धर्वनगरकहँ सोई । सुवरण बरण वृक्ष पुनिदेखै । सो
जीवै नवमास विशेखै ६७३ दो० । थूल क्रशित सो थूलसो क्रशि-

तएकहीबार। प्रकृति औरही भांतिहो अष्टमास तनुधार ६७४
पांशु अपर कर्दमविषे खण्डपाद जिहिहोइ। पाष्र्णगुल्यथवा
जिये सप्तमास नरसोइ ६७५ गृद्ध कपोतहु काकहू पक्षी नीलहु
कोइ। बैठैशिरषटमासतिहि आयुमनुजकीहोइ ६७६ काकपंक्तिजा
को हतैं पांशुवर्षहत जौन। निजछाया लख और विधि चतुःपंच
रहतौन ६७७ बिनामेघ विद्युत लखै दक्षिण आश प्रकास।
इन्द्रधनुष निशिमेंलखै जीवैद्वैत्रैमास ६७८ घृत तैलादर्शहु विषे
पुष्करहूमेंजौन। निजशिरवा नूतनलखै जीवमासभरतौन ६७९
गंधयस्यतनवस्तसम शवसम अथवाहोइ। जीवनताको जानिये
अर्द्धमासहैसोइ ६८० सूखैजाके न्हातही हृदय पादहूजान। गल
सूखै जलपीवतहि दशादिन रहतनप्रान ६८१ मारुतहोवै भिन्न
जिहि क्रन्दति मर्मस्थान। हर्षैजल छूयेनहीं तासुमृत्यु मनआन
६८२ गानकरत दक्षिणदिशा चढ़िकै बानरभालु। स्वप्नमध्य
इमि जाइजो होवै ताको कालु ६८३ रक्त नीलपट धारिणी
गाती हँसती नारि। लैजावै दक्षिणदिशा स्वप्नेमृत्यु निहारि
६८४ पूरुष विकट करालअति नीलात्मायुधधारि। उपलघात
स्वप्नेकरै लीजिये मृत्यु बिचारि ६८५ भोजनकरतेही क्षुधा
लागै हियमें यस्य। दन्तघर्षहू होइपुनि मृत्युजानियेतस्य ६८६
दीपगंध जानैनहीं त्रास लहै अहरात। निजशरीर परनेत्रमें ल-
खै न मृत्युलखात ६८७ शक्रायुध निशि अर्द्धमें ग्रहगण दिनमें
देख। बक्रनासिका होइजिहि ताकी मृत्युविशेख ६८८ गर्धवोष्ट्र
युतयानचढ़ि स्वप्नेदक्षिणजाइ। सद्यमृत्युतिहिजानिये सुनुभूपति
मनलाइ ६८९ कर्णभ्कांपि शिरशब्दको सुनै नहीं नरजौन।
चक्षुज्योतिहोवै मलिन सद्य मृत्युबश तौन ६९० तेजसि प्रविशै
स्वप्नमें बहुरि न निकसै सोइ। याहीविधि जलकेविषे शीघ्रमृत्यु
बशहोइ ६९१ याविधि काल बिचारिकै दृष्ट्वारिष्टकराल। त्यागि
मरणभय योगिजन धारैयोगनृपाल ६९२ जाक्षणलखै अरिष्टये
ताक्षण जोरैयोग। योगयुक्त तबलगिरहै यावत्काल सुभोग ६९३

कालभोग दिन जीतिकै याबिधि जीतैकाल। सुखपूर्वक
विचरै बहुरि योगि धारणापाल ६६४ लांघि परम निर्बाण
को बुद्धिगुप्तहै जौन। जासुकथन सामर्थ्यनहिं प्राप्तहोतसुख
तौन ६६५ याविधि सब तोसोंकहो सुनु अलर्कमति ऐन। प्राप्त
ब्रह्म इमिहोतहै यथाअर्थ सुखदैन ६६६ जाकरिजीवै भोज्यसो
बसै जहां गृहतौन। अर्थप्राप्त जिहिसोइ सुख है ममत्वइतकौन
६६७अभ्यर्थितकारजकरै कर्णनसो जिमितत्र। तिमियोगीनिज
बुद्धिसों परगतिसाधैअत्र ६९८ अत्रिपुत्र पद बन्दिकै अलर्क
भूपसचेत। प्रश्रय अवनत बाक्यपुनि कहतभये अतिहेत ६९९
धन्यकाशिपति कटक युत घेरतभो ममदेश। ताभय सों प्रभुपद
लखे दारिसकल कलेश ७०० महद्भाग्यमैं मन्दबल महद्भाग्य
हत पत्र। महाद्भाग्य क्षयकोश भो आयो पुनि मैं अत्र ७०१
महद्भाग्य तव पाद युग ममयति मारगप्राप। महद्भाग्य ममचि-
त्तमें बसो त्वद्रुक्तिप्रताप, ७०२ महद्भाग्य तवसंगते प्रगटो मम
उरज्ञान। महद्भाग्य कियआपु जो मोपर कृपामहान ७०३ होत
शुभोदय पुरुषके अनरथ अर्थहि जात। तवसङ्गमते ब्यसन
यह यथाभयो सुखदात ७०४ भोसुबाहु उपकारि मम औरोका-
शिमहीप। जिन कृत मैं प्रापितभयो तवयोगीश समीप ७०५
सो मैं तवपरसादते जारिपापशिखि ज्ञान। करिहौं सोई यत्नजिमि
होइ दुःख नहिंआन ७०६ अब तजिहौं गार्हस्थ्य मैं दुखतरु
काननजौन। तवआज्ञा शिरधारिकै ज्ञानदानि सुखभौन ७०७
कहोअत्रिसुत गच्छनृपह्वैहै तवकल्याण। निर्म्ममनिरहंकारह्वै
चरविमुक्ति हितमान ७०८ यह सुनिकीन्ह प्रणामपुनि आये
तत्क्षणताहँ। अग्रज अस्य सुबाहुपुनि सहित काशिपतिजाहँ
७०९ हँसिकह चाहतराज्यमम लीजियकाशिनरेश। अथवादेहु
सुबाहुकहँ यह समस्त ममदेश ७१० काशिराज सुनिकहतभे
किमिअलर्क मतिऐन। देतराज्य संयुगबिना भाषतयाबिधि बैन
७११ क्षत्रिनको यह धर्मनहिं क्षत्रधर्म तुमजान। निर्जितमंत्री

गणतबहुँ धारिशिरासनबान ७१२ जीततबैरी सिंहसम पूरतमन के काम। भोगतवसुधामोदयुत करतयज्ञ सुखधाम ७१३ कहअलर्क रहप्रथम मति मेरीहूयाभाँति। कारणयाको सुनियअब जो मम अत्रलखाति ७१४ जाबिधिभौतिकसंघयह अन्तःकरणतथैव। तद्वदशेष सुजन्तुपूर्वर्त्ततगुणहु सदैव ७१५ तच्छक्तिहुयादिएक है अन्यकोउ यदिहैन। तौको नृपअरि मित्रप्रभु भृत्यगुणिय गुणऐन ७१६ सोमैंदुख पायोमहा त्वद्भय उद्भवजौन। दत्तात्रेय प्रसादसों लहोज्ञान मैं तौन ७१७ इन्द्रीवर्गन जीतिकै तजिकै पूरण संग। मनलगाइ परब्रह्ममें तिहिजीते जय अंग ७१८ सो मैंतवअरि भूप नहिं तुममम।रि नहिं मन्य। ममअपकारि सुबाहु नहिं शत्रुलखौ कहुँ अन्य ७१९ सुनि इमि बचनं अलर्क के उठिसुबाहु हर्षाइ। महद्भाग्य इमिभाषिकै भ्रातानन्द्योजाइ७२० शरणगही जिहिहेततव सुनिये काशिनरेश! सुफल सकल कारजभयो जाइय देहुनिदेश ७२१ सुनिसुबाहुके वचनइमि कहे काशिपतिबैन।.काहितआये कालहो कहिय वचन मतिऐन ७२२ पितृपितामह राज्य मम करत अलर्क सुजौन। याहित लाये मोहिं मम जीति दीजिये तौनं ७२३ तब मैं दल लै इत चढ़ो सो लीजिय यह राज। भोग करिय निज कुल उचित सारिय सबबिधि काज ७२४ सुनि सुबाहु इमि कहत भे सुनिये काशिनरेश। जाहित यह उद्यम भयो किय इत आपु प्रवेश ७२५ विषयसक्त अतिहोत भो यह भ्राता मम जौन। एक जननि के जन्म लै लखिय दुखित बिधि कौन ७२६ प्राप्त मोह गार्हस्थ्य में दुखित बिलोको ताहि। तनु सबन्धि बिलोकि कै आये तुम सह चाहि ७२७ दुखसो जानिविरागमै हैहै याके चित्त। सदलआपुको लाइकै साधो कारज मित्त ७२८ सो प्रगटो बैराग्य इहि दुखसो सुनिय अनूप। होइ सकल कल्याणतव जातअहोंमैं भूप ७२९ मंदालसाक गर्भ जनि पीत्वाअस्तनतस्य। नान्यनारि सुतहोतहैं योग-

वर्त्म गत अस्य ७३० कीन्हों कारज सकल मैं तवसंश्रयको पाइ। जातसिद्धिके हेतपुनि सुनिय भूप मनलाइ ७३१ त्वत्सङ्गमते यह किया महत्काय महिपाल। स्वस्तितेस्तुअबजातहौं लहोज्ञान नरपाल ७३२ काशिराज कहकीन्हअति अलर्क को उपकार। ममउपकारन करतकिमि कीन्हींकहा विचार ७३३॥

दो०। फलदायक सत्सङ्गहै अफलहोतसो हैन। ताते कहिय बिचारिकै महाज्ञान गुणऐन ७३४ कह सुबाहु धर्मार्थ जो काम मोच्छ हैं चारि। तीनि ह्रास को जाइहैं मुक्तिहोइ सुखकारि ७३५ कहत सोइ संक्षेप ते सुनहु नृपति मनलाइ। सुनिकै करहु बिचार पुनि यत्न करहु सुखदाइ ७३६ मम इति प्रत्यय नाकरिय अहमिति त्यागिय सोइ। सम्यग्धर्मालोच्य कै रहै निराश्रय होइ ७३७ कस्याहंइति जानिकै आत्मा करि आलोच्य। बाह्यान्तर्गतहू बहुरिहो आलोच्या शोच्य ७३८ अव्यक्तादिबिशेष पर अबिकारी चैतन्य। व्यक्ता व्यक्तहि जानिकै जानत को नहिं अन्य ७३९ इहि जाने विज्ञात सब बरणों तुमसों जोइ। तुमसों पूँछे जात अब ज्ञान हिये तब होइ ७४० काशिराज सो भाषि इमि गे सुबाहु तिहिकाल। पूजि अलर्कहि निजपुरहि गे पुनि काशि नृपाल ७४१ पुत्र ज्येष्ठको राज्यदै गे अलर्क बनकाहँ। सिद्धि हेत सबसङ्गतजि यत्नकृतभे ताहँ ७४२ तदुपरिकाल महानमें ह्वै निर्द्वन्द्वसचेत। पाइ योगकी सिद्धिको लहानिर्वाण समेत ७४३ सब यह जग देखतभये सुरनर असुरहु खर्व। गुणमयपाशनमेंबँधे बध्यमान नित सर्व ७४४ पुत्र भ्रातृपर अपर यह याबिधि भाव बिचारि। आकर्षित करणन सदा दुखित भिन्न दृशिधारि ७४५ अहो कष्टकी बातहै पूर्वराज्य सुखमान। योगपरे सुखहैं नहीं यह पीछे मैंजान ७४६ मदालसाहु सुबाहुकी कथा अलर्कसमेत। जियालाख वर्णनकियोदायक बुद्धिसचेत ७४७॥

चौ०। अबश्रुतदेव बिप्रकीगाथा। बरणौंनाइरामपदमाथा॥ कथा नृपति बहुलांश्वबखानी। याहीमें कहिहौं सुखदानी ७४८

दो०। दोऊ मिथिलापुर बसतदोऊप्रियभगवान। कृष्णभक्ति धारण कियेपूर्णशांतगतमान७४६तिन प्रसन्नताकेहितैरथपरचढ़ि भगवान। ऋषिन संगलै जनकपुर जातभये सुखदान ७५० बामदेव नारद सहित अत्रि कृष्णयुतराम। असित अरुणि शुकदेवहू देवगुरू सुखधाम ७५१ कणवच्यवनमैत्रेययुत मगपूजित मुनिसाथ। भक्तसुखद शुभ जनकपुर पहुँचतभे यदुनाथ ७५२ ते अच्युत आये सुनत परे चरण में धाइ। श्रुतदेवहु बहुलाश्वहूतनकी दशा भुलाइ ७५३ पुरबासी आये सकल जनपद बासि समेत। लैलैभेंटै करनमें सौहँठाढ़ अतिहेत ७५४ हाथजोरि ठाढ़ेभये दोनों बिप्र नरेश। हरि तिनकी गति जानिकै कियघर दुहुँन प्रवेश ७५५ निजगृहं हरिआये निरखि भूपति आनँद पाइ। शुभआसन बैठाइकै धोयेपग सुखदाइ ७५६ चौ०। लोक पवित्र करनं पगवारी। छिरके शिरकुटुम्ब सुदधारी॥ पूजन करत भये तिनकेरी। मालाम्बर सुगंध बहुतेरी ७५७ धूपादिक आरतीलखाये। मधुरअन्नलै अशन कराये॥ पादअङ्कलै दाबन लागे। बोलत भये प्रेमरस पागे ७५८ सब भूतानामात्मा जोई। द्रष्टा साक्षिकहावत सोई॥ सत्यकरन निज बचन सुहाये। अस्मदृग्गोचर प्रभुआये ७५९ जो याबिधिभांषो भगवाना। मम एकांत भक्त जे नाना॥ तिनसम रमा शेष प्रियनाहीं। अज आदिक तिनसम न कदाहीं ७६० दो०। या बिधि चरणांभोज युग को त्यागैमतिमान। शांतजनन निष्किंचनन्न मुनीनांसुखदान ७६१ योवतीर्य यदुबंश में दारुण मनुज कलेश। दुख नाशन त्रैलोकके यश छायो सब देश ७६२ तीक्ष्ण बुद्धि हे कृष्णजी है प्रणामतवहेत। नारायण अति शांतिबपु पुनि सब ऋषिन समेत ७६३ बास करिय ममधाम में कछुक दिवस यदुनाथ। चरण रेणु निज डारिकै निमिकुल करिय सनाथ ७६४ विनय सुनत भूपाल की बासकीन हरितत्र। करत सकल कल्याणभे नर नारिनके यत्र ७६५ एकरूप श्रुतदेवघर जातभ-

ये भगवान। निजगृह आये जानिकै पूजे जनक समान ७६६
सुनिन काहँ पूजनकियो नृत्यकियो सुखपाइ। बिबिधभांति
पुनि पूजियो शुभ आसन बैठाइ ७६७ पुनि सभार्य्य धोये चरण
चरण सलिल सुखसार। निज मस्तक सेचन कियो छिरको
गृह परिवार ७६८ दर्भांबुज तुलसी मृदा सुरभि मधुर जल
जौन। फल उशीर आदिक दिये यथा शक्तिलै तौन ७६९
सत्व विवर्द्धन अन्नलै तदुपरि अशन कराइ। पुष्पमालताम्बू-
लहू देत भये सुखपाइ ७७० कृतातिथ्य बैठेसकल तबश्रुत-
देव द्विजाति। सतिय चरण दाबन लगे बचन कहे या
भांति ७७१ नाथ हमहिं दर्शन भये भयेतु किन्तु तदैव।
यहींदं शक्तिन विरंचि प्रविश ससत्त यदैव ७७२ चौ०। जेतत्र
कथा सुनैं अरु गावैं। पूजन करैं बन्दि सुखपावैं॥ जे या विधि
अमलात्माआहीं। करत प्रकाश तासु उरमाहीं ७७३ तुम हृ-
दिस्थ दूरहु तिन हेता। हैं विक्षिप्त कर्म जिन चेता॥ आत्म
शक्ति अहमादि कहाई। तिनसों हौ अग्राह्य सदाई ७७४ जानै
को तुम्हारि गति स्वामी। नाथ नमामि नमामि नमामी॥ आ-
यसुनाथ हमहिं कछु दीजै। धरि निज शीश तौन हम कीजै
७७५ यद्धवाञ्चखगोचर ऐये। नृणां क्लेश अंत तत्र गैये॥
ताते शिक्षा देहु कृपाला। धारि शीशसुमिरौं सबकाला ७७६
सुनि इमि विप्र बचन सुखदानी। करकरगहि बोले हँसिबानी॥
ब्रह्मन्कृपा करन तव हेता। हम आये सब मुनिन समेता ७७७
पादरेणु सों करत पवित्रा। को जानै इन मुनिन चरित्रा॥ ती-
रथ देव क्षेत्र बहुकाला। सेवा करि फलदेंयेहाला ७७८ दो०।
ब्राह्मणसो मम प्रिय नहीं रूप चतुर्भुज एह। सर्व वेदमय विप्र
हैं सब सुरमय मम देह ७७९ ताते ब्रह्म ऋषीन को पूजिय मम
बपु जानि। इन पूजें पूजित सदा हम होवैं सुखदानि ७८०
इमि प्रभु आयसु पाइकै राजा विप्र समेत। आराधन कीन्हे ब-
हुरि एकभाव युत हेत ७८१ इमि भक्तन गृहबास करि सतमार-

गहिबखानि। द्वारवती कहँजातभे सकलप्रजासुखदानि ७८२ ॥

चौ० । उद्धवजी की कथा सुहावनि । अब बरणौं संतन मनभावनि ॥ कृष्णचन्द्र के अति प्रिय सोई । मंत्री मित्र सगे हित जोई ७८३ खान पान सङ्गहि सँग करहीं । एकहि सङ्ग बैठि मुद भरहीं ॥ यदुबंशीनय निपुण उजागर । ज्ञान मान शोभा के सागर ७८४ वृन्दाबन ते जब हरि आये । कंसमारि निज धाम पठाये ॥ उग्रसेन मथुराके राजा । करत भये श्रीहरि सुख साजा ७८५ पुनि बसुदेव देवकी पाशा । जाइ कीन्हि आनन्द प्रकाशा ॥ मथुरा बास कृष्ण इमि कीन्हा । पुर नर नारिन आनँद दीन्हा ७८६ कीन्हि सुरति गोपिन की जबहीं । आनँद मगन भये हरि तबहीं ॥ उद्धव जी को लीन्ह बुलाई । गोपिन बोधन हेत पठाई ७८७ चढ़ि रथगे उद्धव पुनि तहँवां । गोपी वृन्द बिराजत जहँवां ॥ रथ बिलोकि गोपी उठिधाईं । कृष्ण समान जानि सुख पाईं ७८८ कोऊ कहत आव घनश्यामा । पीताम्बर धर तन सुखधामा ॥ कोऊ कहत श्याम किमि आवैं । कुब्जा के सँग आनँद पावैं ७८९ याविधि रहीं सकल बतराई । तब लगि रथ आयो नियराई ॥ हरि नाहीं यह धौं को हेरी । किमि अक्रूर क्रूरमम बैरी ७९० लैगो प्रीतमश्यामहमारे। अबधौं करिहै आइकहारे ॥ हमहिंमारि किमिमांस न लेहै । कंसहि जाइ पिण्ड उतदेहै ७९१ यमुना तट भूले नँदलाला । वृन्दाबन की कुञ्जरसाला ॥ गोपिनसंगबिबिधसुखकीन्हे । तौनभुलाइसकल हरिदीन्हे ७९२ याविधि सुमिरि सुमिरि गोपीगन । राधा कृष्ण विहारगयो मन ॥ घर बाहर कछु नाहिं सुहाई । भई मत्त गोपी समुदाई ७९३ भजन । श्रीश्यामावर नागर नटरस रूपनयन मनलाइ रहीहैं । भईं युगल रसबश सबगोपी लाजशंक दुरिआइरहीहैं ॥ दुबिधा दूरिभई मतिकाची सत्यप्रेम प्रगटाइ रही हैं । जागीं सब सोवतते मानहुँ प्रातकमल छबिछाइरही हैं ॥ जियालाल प्रभु नटवरनागर कला सकल ब्रजआइरहीहैं ७९४

हरे सबनमन नवलबिहारी ॥ नयन श्रवण रसना अंगनप्रति बासकियो गोबर्द्धनधारी। बैठत उठत चलत सोवत निशि क्षण क्षण नहिं बिसरत बनवारी ॥ गृहजन कहैं करैं कछुऔरै सासु ननँदलखिदें बहुगारी । जियालाल प्रभु युगलरूपरस मगन मत्तनहिं सुनैं गुवारी ७६५ चौ० । उद्धव तिनकी यह गति देखी । बूड़े ब्रह्मानन्द विशेखी ॥ पुनि गोपी रथ ढिग चलि आई । सकुचीं सखाजानि यदुराई ७६६ आसन दीन्हों हरि प्रियजानी । बोलतभई मनोहरबानी ॥ हरि सन्देश कहौ हम पाहीं । जिन समान कोऊ प्रियनाहीं ७६७ अब घनश्याम कहौ कबऐहैं । बदन दिखाइ हमहिं सुखदैहैं ॥ जिन दीन्हे हम को सुखनाना । कहाँ लुभाइरहे भगवाना ७६८ याविधि पूर्ण प्रेम तिनदेखी । उद्धव बोलतभये विशेखी ॥ तुमहित कहो जौन भगवाना । सुनहु तौन हम करत बखाना ७६९ भजन । ऊधौ श्याम सँदेश सुनावैं ॥ कहियो जाइ गोपि ग्वालनसों करि समाधि अन्तर ममध्यावैं । सदा एकरस बसत सर्वघट हौं अनादि निर्गुण गुणिगावैं ॥ आगम निगम पुराणं बखानत बिनाज्ञान को मुक्ति न पावैं । जियालाल प्रभुको सँदेश सुनि गोपीजन उर बिरह बढ़ावैं ८०० उद्धव कठिन सँदेश सुनायो ॥ श्याम विरह तनजरि कोइलाभो तापर सेहकरन तुमआयो । ब्रजकी जीवनमूल साँवरो योगि यत्नकरि ध्यान न पायो ॥ शुकसन-कादि आदि मुनि नारद जिहि रसमें तनदशा भुलायो । जि-यालाल प्रभु सोइ कृपाकरि ब्रज बनबीथिनमाँझ बहायो ८०१ दारन कारण श्याम पठायो ॥ निर्गुण निराकार अव्यय अज व्यापक अगह गह्यवन आयो । आगम निगम जासु यश गावत सोइ श्याम यहभेद बतायो ॥ जो समदृष्टि समान एकरस तौ कत मोहन चित्त चुरायो । जियालाल प्रभु कृष्ण इष्ट जिहि उद्धव तिहि यहमत किमिभायो ८०२ युवतिन हेत योग तुम लाये ॥ क्षण क्षण सुरति करति दृग भरि भरि चहुँदिशि चि

तवति बिरह बढ़ाये । कल नहिं परत पलक नहिं लागत मन चकोर हरि शशि बिनुपाये ॥ अवधि आशकी थाह जीव तन चाहत अगुण अथाह बहाये । हमतनभरो वियोग विरह दुख तुम सँदेश कहि अति अधिकाये ८०३ द्वितिय सखी सुनिकहो बुझाई ॥ सुनुरी सखिदूषण नहिं याको याहि कूबरी दियो पठाई । जैसी कहो कहतयह सोई सुनि सुनि शूल उठत अधिकाई ॥ यहसबहै बिधवनको कर्त्तब युग युग जीवहु कुंवर कन्हाई । जियालालप्रभुइमि कबभाषैं यह सब कुब्जा रचो उपाई ८०४ याबिधि सुनिमहिलन मुखबानी ॥ सकुचि नाइशिररहे मौनह्वै पूरण प्रेम मगन मनजानी। पुनि बिचारकीन्हों मनमेंयह येचरित्रहंरिके सुखखानी ॥ पठयो मोहिं हेत याहीके यहबिचारि गोपिन गुरुमानी । जियालाल प्रभुकी प्रिय गोपी तिनहिं नौमिउद्धव रतिआनी ८०५ चौ० नन्द यशोदहि मिलि सुख पाई। तिनसों लहि सत्कार महाई ॥ पुनि जहँ क्रीड़ा कीन्ह कन्हाई । तहँ तहँ गे उद्धव सुख पाई ८०६ क्रीड़ा थल बिलोकि सुख पावैं । करि दण्डवत मोद उरलावैं ॥ पुनि आनँद उमगो उरभारी । यहअभिलाष हिये निज धारी ८०७ धन्य धन्य गोपी ब्रज माहीं । इन सम कोउ भुवन में नाहीं ॥ जिन हरि सङ्ग महासुख कीन्हे । तनमन जिन अर्पणकरि दीन्हे ८०८ तिन पगरेणु होउँ मैं दासा । होउँ कि बृक्षादिक सुखबासा ॥ निज कुटुम्ब परिवार बिहाई । कृष्ण चरणमन दीन्ह लगाई ८०९ याबिधि कछुक दिवस करि बासा । उद्धव मन आनंन्द प्रकासा ॥ पुनि सब सों तिन आयसुमाँगा । मथुराचलेसहित अनुरागा ८१० चले पठावन गोपीग्वाला । सुरति करावत श्रीनँदलाला ॥ घूमे दूरि पठाइ बहोरी । बारबार करजोरि निहोरी ८११ उद्धव चलि मथुरामें आये । कृष्ण चरण पुनि शीशनवाये ॥ पुनि गोपिन की प्रीति बखानी । प्रेममगन भे शारँगपानी ८१२ इमिबृन्दावन गमन सुहावा । श्रीउद्धवकर बरणि सुनावा ॥ श्री उद्धकर

चरित अपारा । कहौं अपर कछु लघुबिस्तारा ८१३ द्वारावती माहँ इकबारा । सब यदुबंशिनकेर कुमारा ॥ पिण्डारक तीरथ चलिगयऊ । तहँ मुनि बहुत बिलोकत भयऊ ८१४ चहे करन तिनकी उपहासा । यह चरित्र तहँ कीन्ह प्रकासा ॥ साम्बुनाम श्रीकृष्ण कुमारा । गर्भवती युवती तनधारा ८१५ पुनि बालक सब बचन उचारे । मुनि गण सुनिये कहिय बिचारे ॥ काह प्रगट होवे इहि नारी । पूँछि न सकत लाज उर धारी ८१६ ध्यान धारि देखो मुनिएका । हास्य बचननहिं सहित विवेका ॥ क्रोधित बचन कहे मुनि सोई । कुलनाशक मूशल इमिहोई ८१७ सुनि बालक अतिही भय पाये । उग्रसेनि की सभा सुनाये ॥ सुनि सब यदुबंशी भय खाई । साम्बोदर छोरत भे आई ८१८ आयसमुसल तहाँ लखि लीन्हा । रेत द्वार चूर्ण तिहि कीन्हा ॥ ताहि डारि बारिधि महँ दीना । शेषायस लीलो कछु मीना ८१९ धीवर पकरो जाल मँझारा । लोह पाइ नाराच मधारा ॥ शाप जानि या बिधि यदुबंशा । हरषे जन मानस सरहंशा ८२० धाम जान निज कीन्ह बिचारा । होन लाग उतपात अपारा ॥ उद्धव करिबिचार मनमाहीं । हाथ जोरि बोले हरिपाहीं ८२१ सुनिये नाथ बचन ममएहा । अशकुन देखि होत सन्देहा ॥ जानचहत निजलोक कृपाला । मोकहँ जानिपरत यह हाला ८२२ लीजिय साथ मोहिं निज स्वामी । बार अनेक नमामि नमामी ॥ आपु विहीन इहां किमि रहिहौं । महाकलेश दुसहदुख सहिहौं ८२३ दो० । पलकओट बीतत कलप अलप लखत भरि नैन । ताते तुमबिन किमि रहें लहें कौनविधि चैन ८२४ शयनाशन साथहि किये भोगसुयान पयान । सो तुमबिन कैसेरहैं गुनि बुधहोत अयान ८२५ प्रेम शोकमय वचनबहु उद्धवके याभांति । सुनि बोले बिहँसितबदन श्रीहरि कंसाराति ८२६ चौं० । उद्धव कछु शोच मति कीजै । मोहिं समीप सदा लखिलीजै ॥ जैहौं अवशि आपने धामा ।

पूरणभे देवनके कामा ८२७ उतरी सकल भूमि गरुआई। कछु यदुबंश रहो अबआई॥ ताहित भई बिप्रकीशापा। नाशहोइगो आपहि आपा ८२८ भार उतारि अवशि हम जैहैं। पर तुमको इतही तजि दैहैं॥ हैममरूप जु आत्मज्ञाना। ताहि धारि हिय कीजिय ध्याना ८२९ अल्पकाल नतुजाइ नशाई। रहियइतहि निज हिये बसाई॥ उद्धव पूछतभे शिरनाई। दीजिय योगअंग समुझाई ८३० तब हरि सकल योग समुझायो। ज्ञान बिराग समेत बतायो॥ मायाब्रह्म निरूपण गायो। कर्म्मकाण्ड बहु बिधि समुझायो ८३१ भगवत अर्चाबिधि समुझाई। कहो बिभूती सकल गनाई॥ बरणे आश्रम धर्म सुहाये। ऊंचनीचकर्मन गतिगाये८३२ बर्णन कीन्हे तत्त्व बिभागा। उद्धव सुनो सहित अनुरागा॥ हंस प्रसंग कहोपुनि बरणी। भिक्षुकथा मुदमंगल करणी ८३३ दत्तात्रेय चरित्र सुहावा। उद्धवकोश्रीकृष्ण सुनावा॥ पूरणज्ञान भयो उरमाहीं। जानतभे सबजगत वृथाहीं ८३४ उद्धव हरि प्रश्नोत्तर नाना। जियालाल नहिं कीन्ह बखाना॥ बाढ़ै ग्रन्थ होइ बिस्तारा। ताबिधि बरणि लहै किमिपारा ८३५ तब श्रीहरि बोले युत नेहा। उद्धवसुनहु बचन ममएहा॥ दारा पुत्र भवन तजि आसा। जाइ करिय बदरीबन बासा ८३६ नर नारायण जहां बिराजैं। गंग तरंग देखि अघभाजैं॥ सुमिरण तहां हमारो कीजै। मेरोरूप हिये लखि लीजै ८३७ इत याबिधि होवैगो हाला। ममजातहि आवै कलिकाला॥ ज्ञानधर्म सब भांति नशैहैं। पापहिये नरनारि बसैहैं ८३८ ताते तुम अबहीं तजिजैये। सकल भांति उत आनँद पैये॥ हरि आज्ञा निज शीश चढ़ाई। उद्धव चलतभये दुखपाई ८३९ बारबार बहु करत प्रणामा। हरि बियोग दुख तरु उरजामा॥ शोकमग्न मुखआव न बानी। हरितजिगे हरिआयसुमानी८४० तहांजाइ बहुबिधितप कीन्हा। निजउर मध्यदेखिं हरिचीन्हा॥ भूलिगये इन्द्रीगण नाना। प्रासभये निर्बाण स्थाना ८४१ दो०। याबिधि उद्धवकी

कथा सर्वानँदकी खानि । जियालाल वर्णनकियो अतिसंक्षेप बखानि ८४२ ॥

दो०। बालमीकि श्वपचहुकथा याहीनिष्ठामाहँ। परप्रथमहि वरणीकथा रामानँदकीजाहँ ८४३ ॥

चौ०। ज्ञानदेवकीकथा बखानी। कहतसकल आनँदकीदानी॥ जिनके शिष्यभये शुभदोई। नामदेव तीलोचनसोई ८४४ इनकी काव्यमहासुखदाई । तेजवृद्धि मनहरि सिवकाई ॥ ज्ञानदेव गे विप्रनपाहीं । पढ़न विचारिवेद मनमाहीं ८४५ बाहर जाति विप्रगुणि इनहीं। वेद पढ़ावतभे नहिं तिनहीं ॥ ताको कारण है याभाँती। इनके पिता सकल गुणपाँती ८४६ लेतभये संन्यास सुजाई। पीछेगई नारि तिनधाई॥ कीन्ह कलह संन्यासी पाहीं। निजपति घरलाई गहिबाहीं ८४७ नामदेव सुतज्येष्ठ कहाये। ताहित विप्रनवेदपठाये॥ नामदेव हरिभक्त सुहावन। किय विचार तिनमान नशावन ८४८ आज्ञा एक लुलायहि दीन्हा। वेदारंभ पढ़नहित कीन्हा॥ शाखा अमित पढ़ी कछुकाला। सब विप्रन जानो यहहाला ८४९ भगवतभक्तमाहँ बिश्वासा । करतभये तजिकै जगहासा ॥ ज्ञानदेव कीन्हीं अतिदाया। भगवत सेवाहेत सिखाया ८५० ॥

दो०। लड्डू स्वामीकीकथा यहजग मंगलमूल।जियालाल वर्णन करत हारकभवनिधिशूल ८५१ चौ०। भयेपरम भगवत प्रियसोई। लखत चराचर हरि बपुजोई॥ विचरत भये धरणि शुभवेशा। दैवाधीनगये तिहि देशा ८५२ भगवत भक्तिनकोऊजानैं। देवी सेवाको हितमानैं॥ देतनित्य नरको बलिदाना। इनहिं विलोकि हर्ष उरमाना ८५३ देवीसौहँ गये लैतबहीं। चाहतभये देनबालि जबहीं॥ भगवत भक्तकेर यहहाला। देखि नसकी देवि तिहिकाला ८५४ गईमूर्त्ति दुर्गा की फाटी। धारि खड्ग दुष्टन शिर काटी॥ कीन्ह नृत्य दुर्गा तिनआगे। कीन्हीं विनयदेखि सुखपागे ८५५ देवीचरण लागि हितकरिकै।

नानासुख मानसनिज भरिकै ॥ देवीकरि सेवा तिनदेखी। बासीआये शरण विशेखी ८५६ भगवतभक्ति तिनहिंतिनदीन्हा। गमन बहोरितहाँ सो कीन्हा ॥ विचरन नानादेशनलागे। हरि सुखरँगे प्रेमरस पागे ८५७ ॥

दो० अबनारायण दासकी कथाकहौं सुखदानि। जिनको बदरी बननिकट बासलीजियेमानि ८५८ चौ०॥ भगवत भजन निष्ठ गुणखानी। अनुक्षण सुमिरतशारँगपानी ॥ भगवत चरितगुप्त बहुतेरे। भक्तिभाव तिनकहे घनेरे ८५९ भगवतसम भगवत जन चीन्हा। हरि पद धारि पूर्ण चित दीन्हा ॥ दर्शन हित मथुरा चलि आये। केशव देव भुवन सुख पाये ८६० लागे बास करन सो तहवाँ। कीन्ह बिचार एक दिन जहवाँ ॥ की दर्शन हित जो जन आवैं। जूता काढ़ि द्वारपर जावैं ८६१ लागो रहत होइ चित तिन को। तातें हमहिं बचावैं इनको ॥ लगे बचावन यह गुणि सोई। बिन पहिचानि न बरजो कोई ८६२ दुष्ट एक कोऊ दिन एका। मोट धरायो छांड़ि बिबेका ॥ मारग माहँ चलै लै सोई। किय दण्डवत जानि तिन कोई ८६३ सो मूरख देखत पछितायो। हाथ जोरि बहु बिनय सुनायो ॥ तिन तेहि देखि कृपा अति कीन्ही। अनपावनी भक्ति हरि दीन्ही ८६४ तासों कहो करिय जनिशोचा। परकारज बिन यह तनुपोचा ॥ आखिरदेह नष्ट यहहोई। तब कारज आवैनहिं कोई ८६५ या बिधि तासु बोधकरि दीन्हा। बिदाभक्तिपूरण दै कीन्हा ॥ याबिधि हरिजन दयाबड़ाई। वेदपुराण सदायशगाई ८६६ ॥

चौ०। किन्हर दास कथा सुखदाई। मैं बरणों मनआनँद पाई ॥ भजनानन्द सत्य रसपागे। सदारहत हरिपदअनुरागे ८६७ काहूसों दुर्वचन न बोलैं। नितही हरि शरणागत डोलैं ॥ सर्वजीव भगवत बपुजाना। जगत धर्म छांड़े मदमाना ८६८ झूठ सांचतजिसार असारा। भगवत भक्तिहिये निजधारा॥यावि

धि बीति काल कछु गयऊ। जीवन मुक्त प्राप्त पद भयऊ ८६९ ॥
चौ० । पूर्णदास की कथा सुहावनि। अब बरणौं संतन मन भावनि ॥ जिन हिम गिरि समीप सुख पाई । सुमिरों हरिहि समाधि लगाई ८७० ध्यान मध्य मन दीन्ह लगाई। प्राणायाम कीन्ह सुखदाई ॥ प्राण बायु अपने बश कीन्हा। जीवन मरण भीति तजि दीन्हा ८७१ ॥

इतिश्री भगवद्भक्तानुरागदायक जियालाल जन्माग्रेण विरचिते चतुर्विंशतिनिष्ठामध्ये पंचदशज्ञानध्याननिष्ठायांद्वादश भक्तकथावर्णनोनामभक्ताम्बुनिधौसप्तदशस्तरङ्गः १७॥

दो० । षोड़शवींनिष्ठाकहौं बर्णन शांत बिराग। चौदहभक्तन की कथा बरणौं युत अनुराग १ रामचरण अरबिन्द में करिदण्डवत करोरि। नारायण अवतारकोबन्दनकरौं बहोरि२ सो०। लेपुहुमी अवतार बसत बद्रिकाश्रमबिषे। तपके माधिमन धार जगप्रवृत्तिवैराग्यकिय ३ छन्दनरेन्द्र। नारायण अरविन्द स्वच्छपद जन षडंघ्रि सुखकारी। मधुकैटभ नाशन जलसायन माया तिमिरतमारी ॥ नाभितामरस अण्डजउद्भव लहि विलोकि चहुंओरा। चलजल कमल अपर कछुनाहीं लखो तिमिर पुनिघोरा ४ प्रगटे हमयह कमल कहांसों किय बिचार मनमाहीं। तरवर नाल चालपुरुषायुषपारलहो तिननाहीं ॥ आये घूमि कमल कमलासन भ्रम अपार मन भयऊ। कृपा रावरी तप तपेति यह शब्द श्रवण पुनि लयऊ ५ कीन्हो तप अपार तिनपायो बुद्धि पराक्रम भारी। चौदह भुवन रचे क्षणमाहीं अपर जगत बिस्तारी ॥ भये प्रसन्न आपतिन करगहि गे निजलोक सिधाई। जहाँ न जराशोक माया भ्रम जियालाल सुखदाई ६ भजन। केशव शरण गहे सुखपावे। नाना भोगकरै या जगमें अंतकालवैकुण्ठ सिधावै ॥ जासु नाभिसों पंकज जामो प्रगटे ब्रह्मा जगत उपावै। जाको ध्यान धरत योगी नित लै बीणा नारद गुण गावै ॥ शारद शेष महेश जपतजिहि जियालाल चरणन शिरनावै ७